तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 दिसंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 बाबा गुरु घासीदास ने संपूर्ण मानव जाति को...



14 सोनदादर में मनाया राधा कृष्ण मेला महोत्सव




## खबर संक्षेप

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर की मारपीट

**महासमुंद।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट के आरोप में युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। शहर के वार्ड नं. 22 सुभाष नगर निवासी अस्लम खान ने पुलिस को बताया कि वह नेहरू चौक में बिरयानी दुकान चलाता है। 17 दिसम्बर 2024 को वह अपने दुकान का सामान लेने ग्राम खैरा की ओर गया था। देशी शराब दुकान के पास शाम करीब 06:30 बजे स्वीपर पारा निवासी मुरली उसके पास आया, जो शराब के नशे में धुत था और अस्लम से 100 रुपए की मांग की। पैसा नहीं देने पर उसने प्रार्थी से अश्लील गाली गलौज करते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मुरली के खिलाफ 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### बेटे को चोर बोला, गाली गलौज का आरोप

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरीनडोंगरी में एक युवक ने अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है कि उसके बेटे को चोर कहते हो कहकर आंगन में पैसा फेंक गाली गलौज की है। सांकरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लोहरीनडोंगरी निवासी नंदलाल पटेल ने पुलिस को बताया कि 16 दिसम्बर 2024 को रात करीबन 1:30 बजे उनके गांव का रामप्रसाद कलेत डण्डा लेकर घर के अंदर घुसकर आंगन में गाली गुप्तार कर रहा था। आवाज को सुनकर नन्दलाल अपने कमरे से निकलकर देखा तो रामप्रसाद कलेत अश्लील गाली गुप्तार कर मेरे बेटे को चोर बोलते हो कहकर आंगन में पैसा को फेंक दिया और जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी रामप्रसाद कलेत के खिलाफ 296 बीएनएस, 331(4) बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### बाड़ी में बोर खनन को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबाखर में मेरे बाड़ी में बोर खनन क्यों किये हो कहकर मारपीट के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ग्राम छांदनपुर निवासी अमर भोई ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में अपने ससुराल ग्राम ढाबाखर में करीब 03 वर्ष से रह रहा है। 17 दिसम्बर को प्रातः करीब 8 बजे अमर के ससुर उग्रसेन भोई सावित्रीपुर से ढाबाखार घर आते समय मोहित केवर्त के घर सामने पहुंचे थे उसी समय मोहित केवर्त एवं उसका लड़का कन्नू केवर्त अपने घर के सामने खड़े थे। तब उग्रसेन भोई बोला कि मेरे ब्यारा(बाड़ी) में बोर खनन क्यों किये हो उसी बात को लेकर मोहित कैवर्त एवं कन्नू केवर्त गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मोहित केवर्त, उग्रसेन भोई को डण्डा से मारपीट किया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मोहित केवर्त , कन्नू केवर्त के खिलाफ 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

# कड़ाके की पड़ रही ठंड, सुबह लग रहे स्कूल, छोटे बच्चों के लिए मुसीबत

## ठिठुरती ठंड में स्वेटर, मफलर पहनकर स्कूल पहुंचे रहे छोटे-छोटे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अंचल में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है जिसकी वजह से लोग सुबह से लेकर रात्रि तक गर्म कपड़ों में नजर आ रहे है। लेकिन, बढ़ती ठंड के बाद भी सुबह छोटे बच्चों के स्कूल के समय में अभी तक कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चे इस ठिठुरती ठंड में स्वेटर, मफलर पहनकर जैसे-तैसे ठंड से बचने का प्रयास करते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं। जिले में कई शासकीय व प्राईवेट स्कूलों में स्कूल का समय दो शिफ्टों में बंटा रहता है, जिसमें पहली शिफ्ट में छोटे बच्चों का स्कूल समय 7 बजे से 12 बजे तक लगाया जाता है, तो वहीं दूसरी शिफ्ट 12 से 5 समय निर्धारित रहता है, जिसमें बड़े बच्चों का स्कूल लगता है। इसके अनुसार साल भर एक निर्धारित समय के तहत बच्चे स्कूल आना जाना करते हैं, लेकिन वर्तमान में ठंड बढ़ जाने के कारण सुबह स्कूल आने के लिए बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जहां ठिठुरती ठंड में लोग रजाई में दुबके रहते हैं और सुबह जल्दी उठने के लिए सोचने पर मजबूर हो जाते हैं, ऐसे में छोटे बच्चे जिन्हें ठंड से बचाव की और अधिक आवश्यकता रहती है, वे स्कूल जाने उठ रहे हैं। ऐसे में न सिर्फ स्कूली छोटे बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि छोटे बच्चों के पालक भी ठिठुरती ठंड में बच्चों से पहले उठकर बच्चों के नहाने के लिए गर्म पानी से लेकर उनके खाने के लिए नास्ता व टिफिन की व्यवस्था की जाती है। ऐसे में छोटे बच्चों और उनके पालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं उनके स्वास्थ्य को लेकर भी आशंका बनी हुई है।

### सुबह धुंध के कारण दुर्घटना की भी आशंका

कई छोटे बच्चों को स्कूल के लिए लाने के लिए कई घरों में स्कूल बस या वैन लगा दिया जाता है, लेकिन अधिकांश पालक अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने से लेकर लाने का काम स्वयं करते हैं। ऐसे में इस ठिठुरन में जहां धुंध के कारण रास्ते साफ नहीं दिखते और बच्चों को ठंड से बचाने के लिए पालक बच्चों को कई तरह से कवर करते दिखते हैं।



### अर्धवार्षिक परीक्षा 22 को होगी खत्म, अवकाश 23 से

जिले में परीक्षाएं 10 बजे से शुरू की जा रही है। इसलिए ठंड से बच्चों को राहत मिली है। जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत ने बताया कि पहली से लेकर 12 वीं तक की परीक्षाएं 22 दिसंबर को खत्म हो जाएंगे। 23 से अवकाश घोषित होगा।

## राहत : नुकसान की आशंका से प्रबंधकों ने किया था आंदोलन का आगाज

# प्रतिदिन 1 लाख क्विंटल का जारी होगा डीओ आश्वासन के बाद प्रबंधकों की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव नही करने के कारण समितियों में व्यवस्था गड़बड़ाने लगी। इधर, बफर लिमिट से ऊपर धान जाम होने पर समितियों में खरीदी प्रभावित होने और सूखत के चलते आगामी नुकसान की आशंका के चलते प्रबंधकों ने भी हड़ताल की चेतावनी दे दी थी। इस बीच प्रशासन द्वारा मिलरों पर उठाव और मिलिंग के लिए पंजीयन का दबाव बनाते हुए की गई कार्रवाई के बाद उठाव में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। रोजाना 1 लाख क्विंटल का डीओ जारी होने के आश्वासन के बाद समिति प्रबंधकों की हड़ताल स्थगित हो गई है।

राहत की बात है कि जिलेभर की 182 सोसायटियों में धान जाम तथा सूखत को लेकर शुरू हुई सोसायटी प्रबंधकों की हड़ताल कलेक्टर के आश्वासन पर दूसरे दिन ही स्थगित हो गई। हालांकि, यदि, आगामी 2 दिनों में यदि, धान का पर्याप्त उठाव नहीं हीं होता तो प्रबंधक आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। सुबह सोसायटी प्रबंधकों तथा कलेक्टर तथा धान खरीदी से जुड़े अधिकारियों के बीच 5 बिंदुओं को लेकर कर चर्चा हुई।



### उठाव नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

प्रबंधकों ने कहा कि कलेक्टर से हुई चर्चा में हमें प्रतिदिन 1 लाख क्विंटल धान उठाव के लिये डीओ (डिलिवरी ऑर्डर) काटे जाने का आश्वासन मिला है। फलस्वरूप हमने हड़ताल स्थगित की है। यदि आगामी दिनों उठाव नहीं होता तो फिर आंदोलन की रणनीति अपनाई जायेगी। फिलहाल गुरूवार व शुक्रवार को खरीदी जारी रहेगी।

### शासन के करोड़ों रुपए की होगी बचत

मिलर्स की हड़ताल समाप्त होने से एक ओर सोसायटियों में व्यवस्था बनाने में आसानी होगी वहीं दूसरी ओर शासन को करोड़ो रुपए की बचत होगी। दरअसल हड़ताल के कारण सोसायटियों से धान को संग्रहण केन्द्र भेजना पड़ रहा था। ट्रांसपोर्टिंग से लेकर लोडिंग, अनलोडिंग, स्टेक आदि का अतिरिक्त खर्च शासन को वहन करना पड़ रहा था, अब धान को सीधे राइस मिलर्स द्वारा उठाव कर लिया जाएगा, इससे संग्रहण केन्द्र धान भेजने में शासन को होने वाला खर्च बचेगा। इस सीजन में अब तक करीब 8 लाख क्विंटल धान उपार्जन केन्द्रों से संग्रहण केन्द्रों में भेजा गया है।

### मिला मौखिक आश्वासन

जिसमें कलेक्टर विनय कुमार पलंगेह ने आगामी 2 दिनों के भीतर मिलर्स के लिये 1 लाख कट्टा का टोकन प्रतिदिन काटे जाने की बात कही। फलस्वरूप कलेक्टर के आश्वसन पर प्रबंधकों ने हड़ताल स्थगित कर दी है। मिली जानकारी के अनुशार जिले में धान खरीदी शुरू होने के बाद से अब तक महज 1 प्रतिशत ही धान का उठाव हुआ है जिसके चलते समितियों में समस्या उत्पन्न हो रहा था। अब कलेक्टर से मिली मौखिक आश्वासन के बाद धान उठाव में तेजी जाएगी, जिससे धान खरीदी करने सोसाइटियों को कोई समस्या नही होगी।

# प्लास्टिक गोदाम में हुई चोरी मामले दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में हाइटेक चोर पकड़ में सामने आया है। ये चोर बाहरी नहीं बल्कि लोकल हैं। पुलिस ने चोरी की समान समेत दो चोर को पिकअप के साथ पकड़ा है।

अभी हाल ही में शहर के गांधी चौक स्थित पारख प्लास्टिक गोदाम में चोरी हुई। जिसमें बकायदा लोहे का दरवाजा का ताला तोड़कर भीतर रखे 28 नग कार्टून प्लास्टिक गिलास भरा था, जिसकी कीमत 51 हजार रुपए बताई गई। इन कार्टूनों का चोरी करने बकायदा पिकअप में पहुंचे थे। पुलिस ने पारख प्लास्टिक गोदाम में हुए चोरी के बाद अलर्ट हो गई और पुलिस ने पहले तो कैमरे को खंगाला, फिर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नवीन जगत एवं मिथुन सोना घटना के दिन इस क्षेत्र में देखा गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और इन दोनों चोर ने सबकुछ उगल दिया। दोनो चोर नगर के ही निवासी हैं।

पुलिस ने पारख प्लास्टिक के गोदाम में चोरी में उपयोग किए पीकअप वाहन गोदाम से चोरी हुए 28 नग कार्टून जिसमें डिस्पोजल भरा हुआ था। उसे जब्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना महासमुन्द में अपराध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत कार्यवाही न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## ठंड से राहत पाने अलाव का सहारा ले रहे लोग



**बिरकोनी।** क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है। गांव के गली-मोहल्लों में ठंड से राहत पाने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। अलसुबह धूप की गति कम होने के कारण गिरते शीत का सामना करना पड़ रहा है। लगातार सप्ताहभर से गिरते तापमान के साथ ठंडी अधिक महसूस हो रही है। सुबह शाम ग्रामीण गरम कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। शाम ढलते ही ग्रामीण अलाव के सामने नजर आ रहे है। सुबह आसपास पड़े लकड़ी और रद्दी चीजों को एकत्रित कर अलाव जला रहे हैं। ग्रामीण घरों में गोबर के कंडे और पराली जलाकर ठंड से बच रहे हैं। लोग शॉल, स्वेटर व जॉकेट के साथ मॉर्निंग वॉक का मजा ले रहे है। वहीं बच्चे भी शीतकालीन छुट्टी के इंतजार में है।

# स्वरोजगार घटक के समग्र प्रदर्शन में महासमुंद पालिका राज्य में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा गुरुवार को उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम की थीम पर रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महासमुंद नगर पालिका को डे-एनयूएलएम अवाड्र्स 2023-24 अंतर्गत स्वरोजगार घटक में असाधारण प्रयास एवं समग्र प्रदर्शन हेतु राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना (पीएम स्वनिधि) एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगरीय निकायों, बैंकों, लाभार्थियों और स्ट्रीट वेंडर्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा एवं अनुज शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महासमुंद नगर पालिका को डे-एनयूएलएम अवाड्र्स 2023-24 अंतर्गत स्वरोजगार घटक में असाधारण प्रयास एवं समग्र प्रदर्शन हेतु राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसके तहत महासमुंद नगर पालिका सीएमओ महासमुंद खिरसागर नायक के नेतृत्व में सामुदायिक संगठन सीईओ ममता बग्गा, प्रेमशीला बघेल और राखी ठाकुर को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही महासमुंद नगर पालिका को सम्मान समारोह के साथ आयोजित कार्यशाला में स्ट्रीट वेंडर्स को वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय समावेशन की जानकारी दी गई। सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पांडेय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगरीय निकायों, बैंकों और लाभार्थियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## भंवरपुर उपतहसील में अवैध धान पर कार्रवाई, 333 पैकेट जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण के विरूद्ध सतत कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में आज भंवरपुर उपतहसील के ग्राम बनडबरी (ब) में मंडी अधिनियम के तहत राजस्व व मंडी टीम ने बड़ी कार्रवाई की। यह कार्रवाई कृषक जनकलाल बरिहा पिता लखे सिंह के यहां की गई, जहां उनके कोठार में अवैध रूप से रखे 333 पैकेट धान जप्त किए गए। मिली जानकारी के अनुसार, यह धान मंडी अधिनियम का उल्लंघन कर बिना किसी वैध दस्तावेज के भंडारित किया गया था। मामले की सूचना मिलते ही राजस्व व मंडी विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर जांच की और अवैध धान को जब्त कर लिया। राजस्व व मंडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत की गई है, जो मंडी अधिनियम और कृषि उपज व्यापार में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लागू हैं। अवैध भंडारण और खरीद-फरोख्त पर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969


## महिलाओं और छात्रों की सुरक्षा ताक पर, डिवाइस लगाने शासन के हैं निर्देश

# वीएलटी डिवाइस लगाने बस संचालक नहीं ले रहे रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में महिलाओं और स्कूल के छात्रों की सुरक्षा के लिए यात्री बसों और स्कूल बसों में वीएलटी डिवाइस लगाने के निर्देश शासन ने दिए थे, लेकिन ज्यादातर बसों में वीएलटी डिवाइस नहीं लग पाए हैं और न ही मॉनिटरिंग की जा रही है। जुलाई माह में परिवहन आयुक्त ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए थे। बसों में वीएलटी डिवाइस को अनिवार्य किया था। लेकिन, बस ऑपरेटरों ने रुचि नहीं दिखाई है। पुराने वाहनों पर अब तक डिवाइस उपलब्ध नहीं है। 90 फीसदी बसों में डिवाइस लग चुके हैं। वीएलटी डिवाइस लगाने पर ही फिटनेस सर्टिफिकेट प्रदान किया जाना था। निर्देश के बाद भी ऑपरेटरों की मनमानी जारी है। वहीं परिवहन विभाग द्वारा भी जांच नहीं की जा रही है। महिलाओं व छात्रों की सुरक्षा की बातें की जाती है पर कोई बड़ा मामला सामने आने के बाद ही विभाग जागता है। उसके बाद निर्देश जारी कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है। एक मार्च से ही बसों और व्यरवसायिक वाहनों में डिवाइस लगाना अनिवार्य किया गया था।



दरअसल, वीएलटी डिवाइस की कीमत ज्यादा होने से ज्यादातर ऑपरेटरों ने रुचि नहीं दिखा रहे हैं। कई नई बसों में पहले से ही जीपीएल लगे होते हैं, लेकिन शासन द्वारा निर्धारित कंपनी के ही जीपीएस लगाए जाने का निर्देश जारी किया गया है। वीएलटी डिवाइस की कीमत 11500 रुपए और 13500 रुपए निर्धारित की गई थी। इसके अलावा बसों में अब तक पैनिक बटन भी नहीं लग पाए हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए हर बस में तीन बटन लगाए जाने प्रस्तावित हैं, लेकिन वर्तमान में बसों में डिवाइस ही नहीं दिखते हैं। पैनिक बटन दबाने पर तुरंत ही कंट्रोल रूम से मदद उपलब्ध कराई जानी थी। परिवहन अधिकारी आरके ध्रुव ने बताया कि वाहनों में डिवाइस लगाने के निर्देश दिए गए हैं। शासन द्वारा निर्धारित डिवाइस ही लगानी है। जिससे मॉनिटरिंग हो सके। पिछले दिनों जांच भी की गई थी ।

### मॉनिटरिंग भी नहीं

दुर्घटना होने पर वीएलटी डिवाइस व पैनिक बटन के माध्यम से सूचना कंट्रोल रूम तक पहुंचाने की योजना है। जिसके माध्यम से तुरंत लोगों को मदद पहुंचाई जा सके, लेकिन डिवाइस सभी बसों में नहीं लग पाने से इसका उपयोग भी लोग नहीं कर पा रहे हैं। बसों में सेफ्टी की भी सुविधा नहीं है। स्पीड की भी मॉनिटरिंग नहीं हो रही है।


आवश्यकता है

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

रिपोर्टर (2 पद)

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

अनुभवी को प्राथमिकता

(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

## खबर संक्षेप




### सिंधी काउंसिल छत्तीसगढ़ इकाई ने बांटे कंबल

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम पुराना राजेंद्र नगर स्थित डॉ. एनडी गजवानी के क्लीनिक में मंगलवार को किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि बुजुर्ग, महिला, बच्चे सभी को कंबल वितरित किए गए, जैसे ही सभी जरूरतमंद को कंबल मिले, उनके चेहरे में खुशी छलक उठी। यह कंबल वितरण स्व. कांता देवी जसवानी, स्व. हरीराम तलरेजा, स्व. मोहनलाल तलरेजा, स्व. शंकरलाल रामनानी, स्व. हरीराम सिदारा की स्मृति में किया गया। इस अवसर पर सुनील कुकरेजा, सुमीत अठवानी, धनेश मटलानी, चंदर देवानी, महेश खिलनानी, आकाश बजाज आदि शाामिल थे।

### ग्राम बाना में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी रायपुर द्वारा ग्राम बाना धरसींवा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम बाना के उपसरपंच टहलराम साहू द्वारा किया गया। दूसरे दिन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. जयेश करंजगांवकर को बौद्धिक परिचर्चा सत्र में वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया, जिसमें उन्होंने डिजिटल लिटरेसी एवं अंक ज्योतिष विषय पर अपनी बात रखी। इस शिविर में दल नायक के रूप में बीसीए द्वितीय के छात्र अंतर्यामी बारिक एवं बीएससी तृतीय की छात्रा प्रीति देशलहरे को बनाया गया है।

### चेतना नाट्य मंच पर एक साल का प्रतिबंध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने चेतना नाट्य मंच (सीएनएम) को एक साल के लिए प्रतिबंधित किया है। गृह विभाग की एक अधिसूचना में इस संबंध में कहा गया है कि यह संगठन आग्नेय अस्त्रों, विस्फोटकों एवं अन्य उपकरणों के उपयोग को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित, विधि, प्रशासन में हस्तक्षेप, उनके द्वारा लोक व्यवस्था, शांति में बाधा एं नागरिकों की सुरक्षा में खतरा पैदा कर रहा है। इसके साथ ही विधि द्वारा स्थापित संस्थाओं की अवज्ञा को बढ़ावा देते हुए विधि विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त है जो कि राज्य की सुरक्षा के लिए प्रतिकूल है। इसीलिए राज्य सरकार को समाधान हो गया है कि ऐसे संगठन को विधि विरुद्ध संगठन घोषित करना आवश्यक है। सरकार ने विशेष जन सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से एक साल के लिए विधि विरुद्ध संगठन घोषित किया है।

### कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की कबड्डी स्पर्धा

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा सिब्बल पैलेस सेरीखेड़ी के मैदान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान को हरियाणा की टीम ने 63-18 के भारी अंतर से हराया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नामदेव साहू एवं विशेष अतिथि कृपाराम साहू सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य कबड्डी फेडरेशन एवं कार्यालय के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 अभिषेक कुमार ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया।

### निधन

### रोहण बाई पटेल



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा निवासी रोहण बाई पटेल (88) का 18 दिसंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे सीताराम, बलदेव, गणेश पटेल की मां व टेकन, राकेश, देवानंद, अजय, राहुल, धीरज पटेल की दादी, पवन, भूषण पटेल की बड़ी मां थी।

---

**आयोजन : जिला स्तर पर पशु मेला उत्सव, प्रदर्शनी एवं गौपूजन कार्यक्रम हुए**

# विधायक ने पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय और अतिरिक्त आय के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**50 पशुपालकों ने अपने पशुओं का कराया पंजीयन, प्रतियोगिता के विजयी पशुपालकों को किया गया पुरस्कृत**



विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम आरबीचीप मेन में जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव, प्रदर्शिनी एवं गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बसना डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए तथा जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में पशुपालकों के बीच सात विभिन्न वर्गों में प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। जिनमें दुधारू गाय/भैंस, उन्नत बछिया, स्वस्थ बछड़ा, बैल/भैंस, सांड वर्ग, पक्षी वर्ग, बकरा/बकरी वर्ग शामिल थे। कुल 50 पशुपालकों ने अपने पशुओं का पंजीयन कराया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पशुपालकों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि डॉ. अग्रवाल और श्रीमती पटेल के करकमलों से प्रदान किए गए। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय को अपनाने और अतिरिक्त आय का स्रोत बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। श्रीमती पटेल ने ग्रामीणों को शासन की लोकहितकारी योजनाओं से जुड़ने और राज्य डेयरी उद्यमिता योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की शुरुआत शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गौपूजन के साथ हुई। इस अवसर पर ग्राम आरबीचीप मेन के सरपंच, जनपद पंचायत पिथौरा के प्रतिनिधिगण, नागरिक और पशुधन विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने आभार व्यक्त किया।

---

## शिवरीनारायण में केशरवानी वैश्य सभा का युवक-युवती परिचय व परिवार मिलन समारोह 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

पवित्र व विख्यात धार्मिक स्थल शिवरीनारायण में छग राज्य केशरवानी वैश्य सभा, केशरवानी प्रदेश महिला तरुण सभा व शिवरीनारायण सम्बद्ध नगर एवं ग्राम सभाओं के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 13 जनवरी को एक दिवसीय विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सरायपाली के सामाजिक सदस्य दिलीप व सम्मेलन के संचालनकर्ता मिलेंद्र केशरवानी ने बताया कि विवाहों में होने वाले अनावश्यक व भारी भरकम खर्च को देखते हुए समाज द्वारा निर्णय लिया गया कि समाज में सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए, इसी को ध्यान में रखते हुए आगामी 13 जनवरी सोमवार को शिवरीनारायण में एक विशाल सामूहिक परिचय व परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के संचालक मिलेंद्र केशरवानी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल होटल रिआन में सुबह 9 बजे महर्षि कश्यप की पूजा, आरती, ध्वजारोहण एवं गीत का कार्यक्रम व 9:30 बजे दीप प्रज्वलन, प्रदेशाध्यक्ष अशोक केशरवानी एवं मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा।

सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विवाह योग्य युवक-युवतियों, दिव्यांग एवं तलाकशुदा युवक-युवतियों का परिचय मंच से कराया जाएगा। पश्चात अंत में नगर एवं ग्राम सभाओं के अध्यक्षों, महामंत्रियों, दानदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा युवक- युवतियों एवं परिजनों के साथ चर्चा करने के लिए अलग से काउंसिल हॉल की व्यवस्था की गई हैं। ताकि, वे आमने सामने प्रत्यक्ष रूप से बैठकर स्वतंत्र होकर बातचीत कर सकें। सम्मेलन में भाग लेने के लिए अशोक केशरवानी, नीलेश गुप्ता, बुधेश्वर केशरवानी, नरेन्द्र केशरवानी, आशीष केशरवानी, नीतेश केशरवानी से संपर्क कर सकते हैं।

---



## भाजपा मंडल सरायपाली के अध्यक्ष बने गुंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भाजपा मंडल के अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल को निर्वाचित किया गया। इस दौरान महासमुंद से चुनाव निर्वाचन अधिकारी डा विमल चोपड़ा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छतर सिंह नायक, जिला उपाध्यक्ष विपिन उपवेजा, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनेश नायक, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, संजय शर्मा, निवृतमान मंडल अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी के साथ सरायपाली मंडल के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। विमल चोपड़ा ने बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के लिए एकजुट होकर काम करने की बात कही। गुंजन अग्रवाल का मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा की गई। अंत में सभा को संबोधित करते हुए गुंजन ने सभी वरिष्ठ जनों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सबको साथ लेकर मंडल को एक नई दिशा और ऊंचाई की ओर ले जाने की बात कही।

---

# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान, विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान की टीम ने विकासखंड सरायपाली के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जाकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केना में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरुकता के प्रति जानकारी दी गई।

शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक यूके बरिहा ने अभियान के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय में कला संकाय में 200 सीट, विज्ञान संकाय में 190 सीट और वाणिज्य संख्याओं के लिए 70 सीट स्वीकृत किया गया है। महाविद्यालय के विविध गतिविधियों राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, रेडरिबन क्लब, करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल, एंटी रैगिंग सेल, जेंडर इक्विटी सेल, पुस्तकालय, ग्रंथालय प्रयोगशाला, कीड़ा, एनुअल फंक्शन आदि की सुविधा और गतिविधियों से परिचित कराकर उन्हें उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों को भी बहुत ही सरल तरीके से बताया गया। महाविद्यालय में कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए हिंदी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल एवं अर्थशास्त्र में से अपनी पसंद की अनुरूप विषय का चयन कर विद्यार्थी अध्ययन कर सकते हैं। विज्ञान संकाय में विद्यार्थी जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिकी, रसायन शास्त्र और गणित विषय का चयन का पढ़ाई कर सकते हैं। वाणिज्य संकाय को लेकर पढ़ाई कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थी अपने संकाय के विषय चुनकर जेनेरिक इलेक्टिव में अन्य संकाय के एक विषय का चुनाव कर अध्ययन करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए कौशल, दक्षता और ज्ञान से परिपूर्ण करने के लिए एक अवसर प्रदान किया जा रहा है। सहायक प्राध्यापक डॉ. गायत्री प्रसाद पटेल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कई बदलाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मल्टीडिसीप्लिनरी कॉन्सेप्ट, डीएससी, जेनेरिक इलेक्टिव, स्किल एनहैंसमेंट, वैल्यू एडिशन कोर्स, क्रेडिट सिस्टम, असाइनमेंट, एबीसी आईडी, सेमेस्टर प्रणाली, सतत मूल्यांकन परीक्षा आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। सकल नामांकन अनुपात को बढ़ावा देना, विभिन्न प्रवेश और निकास बिंदु प्रदान करना, विद्यार्थियों को उनकी रुचियां एवं क्षमता के अनुरूप सर्वोत्तम कक्षा चुनने की अवसर प्रदान करता है। अभियान दल द्वारा विद्यालय के आवश्यक जानकारी एवं डेटाबेस एकत्र किया गया। 12वीं की परीक्षा समाप्ति के बाद परिणाम घोषणा से पूर्व अर्द्धदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 12वीं के विद्यार्थियों के पालकों, अभिभावकों को आमंत्रित कर महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधा प्रवेश प्रक्रिया छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभकारी योजना के बारे में बताया जाएगा। शउमावि केना के प्रभारी पर प्राचार्य ठनसुंदर होता, व्याख्याता शैलेंद्र कुमार नायक एवं निर्मल प्रधान ने भी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

---

# गुरु घासीदास जयंती पर मनबाय में जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला प्रशासन एवं आदिवासी विकास विभाग महासमुंद द्वारा गुरु घासीदास जयंती पर ग्राम मनबाय, ग्राम पंचायत सोनापुटी विकासखंड बागबाहरा में जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही सर्व समाज के लिए सहभोज का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुघासीदास जयंती पर जिला प्रशासन एवं आदिवासी विकास विभाग द्वारा यह आयोजन प्रतिवर्ष जिले के किसी एक अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्राम में आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष यह आयोजन बागबहरा विकासखंड के ग्राम मनबय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार एवं छात्रावासी बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। जिसके अंतर्गत पंथी, कर्मा एवं सुवा नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही अस्पृश्यता समाज के लिए कलंक विषय पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता भी विद्यालयीन छात्रों के लिए आयोजित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में समीर सोनवानी, ऋषभ बंजारे एवं लिसा दीवान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में समीर सोनवानी, ऋषभ बंजारे एवं सुहाना दीवान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन छात्र-छात्राओं को प्रथम पुरस्कार 500, द्वितीय 300 एवं तृतीय 200 अतिथियों द्वारा दिया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए प्रोत्साहन स्वरुप 1000 रुपए की राशि आदिवासी कन्या आश्रम एवं प्री मेट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बागबाहरा के छात्राओं को दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथि, सभी समाज के ग्रामीणजन एवं छात्र- छात्राओं ने सामूहिक भोज का आनंद भी लिया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 4 गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं दो नन्हे बच्चो का अन्न प्रासन्न भी अतिथियों द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद पंचायत बागबहरा की अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की बाबा गुरुघासीदास के द्वारा बताया गया सत्य मार्ग और मनखे मनखे एक समान लोगो को स्वीकार करते हुए समाज में एक साथ मिलकर रहना और एकजुटता के साथ कार्य करना आज सभी समाज ने स्वीकार किया है जिस कारण से समाज में उत्तरोत्तर विकास संभव हो पाया है। अन्य अतिथियों में हितेश चंद्राकर, डॉली ध्रुव मंडल अध्यक्ष शहर बागबहरा, हबेल ठाकुर सरपंच, अवध राम चक्रधारी उप सरपंच, पुराणिक निराला, भुवन कुमार, मधु नारंग, इंद्रा बंजारे, पीआर बंजारे, समाज प्रमुख ललित निराला उपस्थित हुए। कार्यक्रम में तहसीलदार बागबहरा जुगल किशोर पटेल, पटवारी निशा अली, महिला पर्यवेक्षक सरोजनी आदित्य, पंचायत विभाग से मानसिंह बरिहा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आदिवासी विकास विभाग से अधीक्षक निलेश खांडे ने किया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खंड प्रभारी बागबाहरा मनोज चौधरी, अन्य अधीक्षक मिथिलेश चंद्राकर, मदन चौधरी, नवीन धृतलहरे, दिनेश दीवान आदि का सहयोग रहा।

---

## बरभांठा में मनाई घासीदास की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बरभांठा में संत शिरोमणी गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। सबसे पहले बाबा की जयस्तम्भ में फूल माला श्रीफल से पूजा अर्चना कर जय सतनाम पंथी पार्टी के साथ गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात पंथी नृत्य के साथ जयस्तम्भ में सत्य का प्रतिक सादा झंडा का ध्वजारोहण किया गया। साथ ही मड़ई मेला का आयोजन राऊत नाचा के साथ किया गया और रात्रि में शिवा सुरदास आकेस्ट्रा कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से देवेन्द्र राय ( अध्यक्ष प्राथमिक कृषी साख सहकारी समिति मर्यादित सराईपाली),रामेश्वर गब्बर साहू ( जनपद सभापति), तिकेश्वर दारा साहू (पूर्व जनपद सदस्य), प्रेम साहू (पूर्व सरपंच), पवन डड़सेना (शिक्षक), कमल किशोर कुर्रे (शिक्षक), संतराम कुर्रे (शिक्षक), धनीराम जांगड़े (शिक्षक), लक्ष्मीकांत साहू, संत टेकराम भारती, रूपेश प्रभाकर, संत भास्कर, सुरेश प्रभाकर, कन्हैया साहू, आनंद मन्नाडे, गोवर्धन आवड़े, नन्दू टंडन, उमेश डड़सेना, हेम लाल साहू, तोरण साहू, दिपक साहू, कौशल साहू, अर्जुन कोसरिया, प्रेमलाल भारतद्वाज, राजाराम भास्कर,अंगध्वज कोसरिया, गैंदराम यादव, पुना साहू, छबीलाल ध्रुव, लखन ध्रुव, मुकेश खूंटे, डिगेश्वर घृतलहरे, मोहित डोरा, ग्राम प्रमुखों में बाबूलाल मन्नाडे, चमारराय ध्रुव, पन्नालाल प्रभाकर, चीन्तू साहू, काशी राम कोसरिया, जोगीराम ध्रुव समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।

---

# अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में एजेंटों की बढ़ी गुंडागर्दी, सवारी बैठाने की बात पर आपस में भिड़े, एक को मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

▪ घटना से यात्रियों में दहशत व्याप्त



राजधानी रायपुर के अंतर्राज्यीय बसस्टैंड में एजेंटों की गुंडागर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। एजेंटों द्वारा यात्रियों से दादागिरी कर उनका जबरदस्ती टिकट काटकर बसों में बैठाया जा रहा है। एजेंटों की गुंडागर्दी इतनी बढ़ गई है कि अब इन लोगों के बीच ही टिकट काटने व सवारी बैठाने की बात को लेकर टकराव होने लगा है। यही कारण है कि सोमवार देर रात बस एजेंटों के बीच इसी बात को लेकर जमकर विवाद हुआ। इसके बाद एक गुट के एजेंटों ने मिलकर दूसरे गुट के एजेंट पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है। इधर घटना के बाद सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। टिकरापारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 12 बजकर 5 मिनट पर बसस्टैंड में यात्रियों का टिकट काटने के विवाद पर प्रार्थी रोशन सिंह का आरोपियों अम्मू, फैजान एवं समीर के साथ विवाद हो गया। सभी एजेंट का काम करते हैं। इनके बीच पूर्व में भी करीब 3 से 4 बार टिकट काटने व सवारी बैठाने की बात को लेकर विवाद हो चुका है, लेकिन इस विवाद को लेकर किसी ने भी थाने में शिकायत नहीं की। घटना के समय रोशन और आरोपियों के बीच इसी बात को लेकर फिर विवाद हुआ, लेकिन इस बार यह विवाद बहुत ज्यादा बढ़ गया।

### मेन गेट से पकड़कर जबरदस्ती बस में बैठाकर टिकट काट रहे

एजेंटों द्वारा यात्रियों को जबरदस्ती पकड़कर बस में बैठाकर उसका टिकट काटने के मामले पहले भी कई बार सामने आ चुके हैं। इन मामलों के उजागर होने के बाद प्रशासन द्वारा कई बार कार्रवाई भी की गई है, लेकिन इसके बाद भी एजेंटों की गुंडागर्दी यहां जारी है। एजेंटों की गुंडागर्दी इसी से देखी जा सकती है कि मेन गेट के पास एंट्री करते ही यात्रियों को एजेंट घेर लेते हैं और जबरदस्ती बस में बैठाकर उनका टिकट काट देते हैं।

---

## मंदिर में चोरी, रुपए से भरी दान पेटी ले गया चोर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के खम्हारडीह क्षेत्र में स्थित सुरेश्वर महादेव पीठ मंदिर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर मंदिर में रखी रुपए से भरी दान पेटी चोरी कर ले गए। घटना 16-17 दिसंबर की दरम्यान रात की है। मंदिर थाना से करीब दो सौ मीटर दूरी पर है। इसके बाद भी मंदिर में चोरी होना कहीं न कहीं पुलिस की पेट्रोलिंग व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है।

पुलिस के अनुसार मंदिर के मुख्य पुजारी स्वामी राजेश्वरानंद महाराज ने घटना की रिपोर्ट मंगलवार को सुबह थाने में दर्ज कराई है। पुजारी के अनुसार रात को मंदिर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाने के बाद वह अपने घर लौट गया। सुबह जब पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचा तो दरवाजा पर लगा ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा, तो दान पेटी गायब थी। उन्होंने बताया कि दान पेटी में चढ़ावा के लगभग दस हजार रुपए थे। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खबर संक्षेप**

## संविधान का अपमान देश नहीं सहेगा : डॉ रश्मि



**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि बाबासाहेब संविधान निर्माता है। देश को दिशा देने वाले महापुरुष हैं। उनका अपमान, उनके निर्मित संविधान का अपमान देश नहीं सहेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के लोगों के दिमाग में जो मनुस्मृति और आरएसएस की विचारधारा है, वह दर्शाती है कि वे बाबासाहेब के संविधान का आदर नहीं करते। डॉ. चंद्राकर ने कहा कि हम शाह की टिप्पणी का पुरजोर विरोध करते हैं। बाबासाहेब का अपमान देश और देशवासी सहन नहीं करेंगे। गृह मंत्री शाह पूरे देश से माफी मांगें और अपने पद से इस्तीफा दें। एक ओर संसद संविधान के 75 गौरवशाली वर्षों पर चर्चा कर रही है। वहीं दूसरी ओर गृह मंत्री शाह ने इस मौके को आंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के साथ कलंकित करने के लिए चुना, वह भी लोकतंत्र के मंदिर में। यह भाजपा की जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन है। शाह की टिप्पणी उन लाखों लोगों का अपमान है जो मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए बाबासाहेब की ओर देखते हैं।

### आयोजन : खट्टाडीह में विधायक ने किया भवन का लोकार्पण

# समाज के बच्चों की पढ़ाई पर विधायक यादव ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा



बागबाहरा विखं के ग्राम पंचायत करहीडीह के आश्रित ग्राम खट्टाडीह में 4 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुम्भकार समाज के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ इन्दु नोहर चक्रधारी ने की। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव आदिवासी कांग्रेस छत्तीसगढ़ मनोहर ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सर्व कुम्हार समाज छत्तीसगढ़ कुमार चक्रधारी, पंच कुम्भकार समाज खट्टाडीह बेनीराम चक्रधारी, पूर्व पंच किशन चक्रधारी, पदमा तिलक चक्रधारी उपस्थित रहे। कुंभकार समाज के भवन लोकार्पण विधायक द्वारिकाधीश यादव ने फीता काटकर किया। इसके बाद भगवान विष्णु के तैल चित्र के समक्ष माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर किया गया। समाजजनों ने अतिथियों का स्वागत फूल मालाओं से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि यह सिर्फ भवन नहीं है, बल्कि कुम्भकार समाज का मंदिर है। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि भले ही दो रोटी कम खाना पर अपने बेटे बेटियों को उच्च शिक्षा जरूर दें। ताकि बच्चे आगे चलकर कलेक्टर, एसपी, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बने। वहीं कार्यक्रम को सर्व कुम्हार समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष कुमार चक्रधारी ने कुम्भकार समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा कि हमारा समाज सभी समाजों में सर्वश्रेष्ठ समाज के नाम से जाना जाता है, लेकिन यह समाज झरिया, लरिया, कोसरिया, उड़िया इस तरह बिखर गए हैं। उसे हम एकीकरण में लाने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी एक ही धारणा, एक ही उद्देश्य है कि सभी कुम्हार बंधु एक हो। महिला सशक्तीकरण पर भी उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से सक्षम बनाना। हमारा समाज तभी प्रगति की ओर बढ़ेगा, जब महिलाएं सशक्त और स्वतंत्र होगी। महिलाओं की शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और सम्मान के बिना कोई भी समाज समृद्ध नहीं हो सकता। समाज को आदिवासी नेता मनोहर ठाकुर ने भी संबोधित किया। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नारी शक्ति को आगे लाने वाली इंदू नोहर चक्रधारी व अन्य समाज सेवी कुमार चक्रधारी, किशन चक्रधारी, बेनीराम चक्रधारी को खट्टाडीह के कुम्भकार समाज व विधायक ने समाज रत्न से सम्मानित किया। इस दौरान भुवन साहू, शिव उपाध्याय, शिव प्रसाद चक्रधारी, गोविंद ठाकुर, जलिल खान,रतन सिंह दीवान, रुप नारायण ठाकुर, लक्ष्मीनारायण दीवान, कांति चक्रधारी, जोगनी चक्रधारी, रामेश्वरी चक्रधारी, उमा बाई, उतरी बाई, मालती, बेदबाई, मीना, रमन चक्रधारी, कौशल चक्रधारी, वत्स चक्रधारी, ललिता प्रसाद, तिजलाल, राजू, हेमलाल, कमलु, कंवल, मनराखन, रामप्रसाद, थनवार, मनीराम, शंकर, ईश्वर, सुखराम, बुधराम, गणपत, जयलाल, संतोष, नरेश, तिलक, अमेरिका, लखन आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# छात्रावास में प्रकृति परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास में आयुष विभाग द्वारा छात्रावासी बच्चों के लिए विशेष प्रकृति परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके शरीर की प्रकृति और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। छात्रावास अधीक्षक चित्ररेखा खांडे के अनुसार, आयुष विभाग महासमुंद के आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी सरोज कुमार धृतलहरे की उपस्थिति में यह परीक्षण किया गया। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शरीर में वात, कफ और पित्त जैसे दोष किस प्रकार संतुलन बिगाड़ सकते हैं और इनके असंतुलन से विभिन्न बीमारियाँ हो सकती हैं। चिकित्सा अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संविधान दिवस पर लॉन्च किए गए प्रकृति परीक्षण ऐप के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत जानकारी भरकर अपने शरीर की प्रकृति को जान सकता है। साथ ही यह ऐप मौसमी बीमारियों से बचाव, उचित आहार, जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव समय-समय पर संदेश के माध्यम से प्रदान करता है। बच्चों को आयुर्वेद और प्रकृति परीक्षण से संबंधित उपयोगी जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि विभिन्न ऋतुओं में भोजन और दिनचर्या कैसी होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सुझावों को समझा और प्रकृति परीक्षण ऐप को उपयोग करने का संकल्प लिया।

# नांदगांव के बच्चों ने न्योता भोज में जलेबी का उठाया आनंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला नाँदगांव में गांव की सक्रिय नागरिकों एवं पालकों द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों के लिए जलेबी, केला और मिक्चर दिया गया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से सोमनाथ पटेल, लेखराम धीवर, जनक चंद्राकर, हेमलाल निषाद, विक्रम धीवर, देवनारायण चंद्राकर, नूतन धीवर, लोकनाथ धीवर का प्रमुख योगदान रहा।

इस अवसर पर संस्था के संस्था प्रमुख शीला चंद्राकर, शिक्षक गण कमलेश कुमार पटेल, अजय बंजारे, लक्ष्मी साहू, घनश्याम बंजारे आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक से मिले नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष



**महासमुंद।** भाजपा नेता महेंद्र सिका, दिग्विजय साहू ने पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा से भेंट करने उनके निवास कार्यालय पहुंचे। जहां डॉ. चोपड़ा ने महेन्द्र सिका को महासमुंद शहर मंडल अध्यक्ष और दिग्विजय साहू को ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बनने पर हर्ष जताते हुए कहा कि इसी तरह संगठन में सक्रिय रूप से कार्य करते रहे, जिससे भारतीय जनता पार्टी और देश मजबूत हो सके। दोनों मंडल नव अध्यक्षों ने उनके मार्गदर्शन संगठन को मजबूत करने की बात कहीं। इस दौरान भाजपा नेता गोविंद ठाकुर, हनीश बग्गा, सुरेंद्र यादव और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झेरिया यादव समाज की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



झेरिया यादव समाज का प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक रायपुर में हुई। समाज द्वारा प्रदेश जिला तहसील ब्लॉक परिक्षेत्र नगर महानगर ईकाई के सदस्यों एवं पदाधिकारी द्वारा आम सहमति से किए गए सामाजिक संशोधन के बाद नया सामाजिक नियमावली 2025 के आमसभा में पारित कर लागू किया जाएगा। बैठक में बीएससी नर्सिंग की छात्रा मुस्कान यादव गंडई राजनांदगांव को समाज द्वारा चालीस हजार आर्थिक सहायता दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने बैठक के बारे जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 20 फरवरी तक समाज द्वारा संचालित सभी जिला में जिला, तहसील ब्लॉक, महानगर, परिक्षेत्र नगर इकाई की बैठक लेकर सामाजिक नियमावली संशोधन पर चर्चा कर मसौदा तैयार कर प्रदेश समिति को प्रेषित किया जाएगा। प्रदेश समिति सभी जिला से प्राप्त संशोधन को आमसभा में चर्चा कर नया सामाजिक नियमावली के लिए प्रस्ताव पारित कर पूरे छत्तीसगढ़ के झेरिया यादव समाज में नए नियमावली को लागू किया जाएगा, जो सभी को मान्य होगा।

बैठक में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, सचिव सुंदर लाल यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष जीआर यादव, संरक्षक जगत राम यादव, सुकालू राम यदु, प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ राजू यादव, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ आकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा को और मजबूत करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने संकल्पित: महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा शहर मण्डल महासमुंद के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने नियुक्ति पर जिला चुनाव अधिकारी भाजपा प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा, सांसद रुपकुमारी चौधरी, महासमुंन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, मण्डल चुनाव प्रभारी, बसना विधायक संपत अग्रवाल, प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर अग्रवाल, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, प्रदेश सदस्य इंदजीत सिंह गोल्डी, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, विधानसभा सह संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप दीवान, चुनाव सह प्रभारी एतराम साहू सहित भाजपा संगठन और सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ने उन पर भरोसा कर जिला मुख्यालय जैसे महत्वपूर्ण मण्डल का दायित्व उन्हें सौपा है उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का उनका पूरा प्रयास रहेगा। शहर मण्डल सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और सहयोग से मण्डल के आगामी दिनों में होने वाले सभी कार्यो और कार्यक्रमों में सभी की एकजुटता से भाजपा को और मजबूत करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने संकल्पित है। महेंद्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों की कल्पना के अनुरूप अंतिम पंक्ति तंक के एक छोटे से कार्यकर्ता को भाजपा ने जो सम्मान दिया है ये पार्टी की रीति नीति और सिद्धांत का परिचायक है। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी और प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की सरकार के संकल्प सबका साथ सबका विकास के लिए हम सभी मिलकर और बेहतर कार्य करेंगे। मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने अपनी नियुक्ति के लिए मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, सभी पार्षदों साथियों, शक्तिकेन्द्र बूथ समिति के पदाधिकारियों, और सभी ज्येष्ठ, श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया है।



# विजय दिवस पर सम्मिलित हुए महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट

## विजय दिवस पर महाविद्यालय एनसीसी कैडेट को सहभागिता के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद द्वारा सोमवार को विजय दिवस पर सन 1971 की स्वर्णिम जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन द्वारा खरोरा स्थित शहीद स्मारक परिसर में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट की सहभागिता रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोसा हेडक्वाटर के कर्नल राजेन्द्र मुतालीफ, कर्नल सुधीर नायक, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और जिला सीईओ एस आलोक, एएसपी प्रतिभा पांडेय शामिल हुए। सबसे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। जिसके बाद सभी ने अमर जवान स्मारक पर पुष्प और चक्र अर्पित कर अमर शहीद जवानों को याद किया। अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर, कार्यालय प्रमुख मुकेश साहू, क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे के साथ एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय एनसीसी कैडेट को सम्मानित किया गया। साथ ही भूतपूर्व सैनिक संगठन द्वारा अग्निवीर में चयनित छात्र शिवम शर्मा का भी सम्मान किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने हर्ष जताया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों सहित कई कलाकारों द्वारा देश भक्ति गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी गई। जिससे पूरा कार्यक्रम देशभक्ति के रंग में भावविभोर हो उठा।






# छत्तीसगढ़-ओडिशा की साझा संस्कृति को समृद्ध करें: विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान (बोइरगांव)



13वें साहित्य परिषद कांटबाजी में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि स्वतंत्र विकास समिति उपाध्यक्ष निरुपमा मांझी, अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार भिखारी चरण दास मिश्रा, विशेष अतिथि डा विजय शर्मा छग रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ साहित्य परिषद के संपादक विराँची नारायण दास ने महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी की पूजा दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर डॉ. विजय शर्मा ने अपने उद्बोधन भाषण में ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ की सांझी संस्कृति विषय में बताया कि सोनाबेड़ा की धरती की दो आदिवासी बाला सोनई एवं रूपई ने अपने अदम्य साहस, परोपकारिता से पश्चिमी ओडिशा से छत्तीसगढ़ के बस्तर, सरगुजा मध्य छग के विशाल क्षेत्र में सैकड़ों वर्ष बाद भी पूजी जाती है, उनकी भू-दान, स्थान नामकरण उनकी प्रसिद्धि का द्योतक है। जिनकी सांझी संस्कृति ने हमें उदार और सहिष्णु बनाया, उन्होंने 14वी सदी की दूसरी ऐतिहासिक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि खरियार के राजा द्वारा अपनी पुत्री को दहेज में नर्रा राज्य की जमींदारी पूरे शान शौकत के साथ दी, जिसका उल्लेख ब्रिटिश गजेटियर एवं अन्य दस्तावेजों में मिलता है। उनके द्वारा दी गई विशाल महल एवं स्वीमिंग पूल अद्वितीयता पर चर्चा करते हुए बताया कि सैकड़ों साल बाद भी दुबारा उस भूमि पर विजय प्राप्ति के बाद भी दान दी हुई राज्य को यथावत रखते हुए छत्तीसगढ़ की नर्रा धरा को दानशीलता अद्भुत उदाहरण 600 वर्ष बाद याद किया जाना हमारी संस्कृति का द्योतक है। सत्र में 31 साहित्यकारों कवियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि अंजली मांझी तसीलदार, अध्यक्षता डा युगल किशोर षड़ंगी साहित्य अकादमी पुरस्कार सम्मानित की अध्यक्षता में प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत किया गया। तृतीय सत्र के मुख्यातिथि पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद अयूब खान एवं अतिथियों द्वारा साहित्य पत्रिका ममता की डोर का विमोचन किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के साहित्यकार किसान दीवान, अध्यक्षता साहित्यकार लक्ष्मीधर माझी द्वारा साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम गणपति बेहरा के मार्गदर्शन में बांधनपाली आश्रम एवं हियाल उन्नति उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किया।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### निर्माण कार्य का पार्षद ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अनेक निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में सरस्वती शिशु मंदिर में डोमसेट निर्माण कार्य किया जा रहा है। पार्षद धमेंद्र यादव ने इस निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार को कार्य को गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए।



### रामसागरपारा में छात्रों का हुआ नेत्र परीक्षण

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला रामसागरपारा (संकुल पटेवा) में 17 दिसम्बर 2024 को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। केम्प में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का सिनोधा पीएचसी चिकित्सकीय टीम द्वारा नेत्र परिक्षण किया गया। टीम ने परामर्श में कहा की अभिभावक कोशिक करें कि बच्चे को अत्यधिक मोबाइल चलाने से बचाए, इस मौके पर प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा, शिक्षक कोमल दीवान एवं चिकित्सकीय टीम उपस्थित थे।



### शर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी तुमगांव मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष तेजन शर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष जताया।

### भेंट मुलाकात कार्यक्रम अब शुक्रवार को

**महासमुंद।** बुधवार 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती के कारण शासकीय अवकाश होने पर एसडीएम कार्यालय परिसर महासमुंद में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा और कार्यकर्ताओं द्वारा राजस्व विभाग संबंधी छोटे बड़े प्रकरणों की समस्याओं से पीड़ित लोगों से भेंट कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। डॉ. चोपड़ा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 18 दिसंबर व आने वाले बुधवार 25 दिसंबर और 01 जनवरी को शासकीय अवकाश होने के कारण अब प्रत्येक शुक्रवार को पीड़ित लोगों की समस्याएं सुनी जाएगी। डॉ. चोपड़ा ने आगे बताया कि आने वाले 20 दिसंबर शुक्रवार को राजस्व विभाग संबंधी प्रकरणों के समस्याओं से पीड़ित लोग एसडीएम कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे उपस्थित होकर अपनी समस्याएं अवगत करा सकेंगे। उपरांत पीड़ित लोगों के प्रकरणों के निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

## निधन

### शत्रुहन लाल सोनी



**महासमुंद।** शहर के पुराना रावण भाठा निवासी शत्रुहन लाल सोनी (77 वर्ष) का बुधवार सुबह हृदयगति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। वे पंकज सोनी के पिता दीपक, कुलदीप, आलोक, राजू के चाचा एवं रत्नेश, सीतेश, मीतेश, रवि, कृष्णा के बड़े पिता थे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन एवं शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### कृष्ण कुमार सोलंकी



**बागबाहरा।** स्थानीय वार्ड 05 निवासी कृष्ण कुमार सोलंकी (कानू काका) का 17 दिसम्बर मंगलवार को हृदयघात से स्वर्गवास हो गया है। वे रसिक भाई सोलंकी एवं नवीन भाई सोलंकी के छोटे भाई एवम तुषार सोलंकी के पिता थे।

## आयोजन: अनेक जगह आयोजित जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक

# बाबा गुरु घासीदास ने संपूर्ण मानव जाति को मानवता का पाठ पढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर बुधवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा अलग-अलग स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही बाबा के पढ़ाए मानवता के पाठ को याद किया। सर्वप्रथम विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भाजपा नेता के निवास में पहुंचे और बाबा गुरु घासीदास एवं पवित्र जैतखाम की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात वे तुमगांव में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां भी उन्होंने पवित्र जैतखाम की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने बाबा गुरु घासीदास को याद करते हुए कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने सम्पूर्ण मानव जाति को मनखे-मनखे एक समान का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला रखी। उनका जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक और समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय है। उनके दिखाए राह पर चलकर बड़ी से बड़ी जीवन की कठिनाई को हल किया जा सकता है। केवल प्रदेश में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में उनका संदेश मानव समाज के लिए अनुकरणीय है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, वरिष्ठ नेतागण रमेश साहू, मुन्ना साहू, धरम पटेल, पप्पू पटेल, धरम पटेल, उत्तरा प्रहरे सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






### खरोरा में निकाली गई शोभायात्रा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 18 दिसंबर को सतनाम समाज द्वारा गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा दुर्गा चौक पुरानी बस्ती, सतनाम चौक, इंदिरा नगर, साई मंदिर होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां गुरु घासीदास मंदिर में समाज के लोगों ने बाबा घासीदास के जयकारे लगाते रह। इस दौरान आम भंडारा का आयोजन किया गया। 19 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई जाएगी।

## महान संत और समाज सुधारक थे बाबा घासीदासः चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



बाबा गुरु घासीदास जयंती पर पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने की पूजा अर्चना की। बता दें कि बाबा गुरु घासीदास जयंती पर भाजपा नेता अरविंद प्रहरे और उत्तरा प्रहरे के निवास स्थित जैतखाम पर डॉ. विमल चोपड़ा ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि यह जयंती सतनामी समाज के संस्थापक बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण दिन है। यह दिन सतनामी समाज के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब वे अपने संस्थापक और गुरु की याद में एकत्रित होकर उनके जीवन और शिक्षाओं को याद करते है।

डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि बाबा गुरु घासीदास एक महान संत और समाज सुधारक थे। उनकी शिक्षा, सत्य, अहिंसा और समानता पर आधारित थीं। उन्होंने अपने अनुयायियों को शिक्षित करने और सामाजिक न्याय के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया। यह दिन सतनामी समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है, जब वे अपने संस्थापक की शिक्षाओं को याद करते हैं और उनके जीवन के मूल्यों को अपनाने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर गुरु आसम दास तेलासी धाम गुरु गद्दी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, भाजपा नेता अरविंद प्रहरे, उत्तरा प्रहरे, अमर दास बघेल, बुधराम कुर्रे, सुखदेव आवड़े, सुरेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

## तेंदूलोथा में 18 लाख की राशि से सीसी रोड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

नगर पालिका परिषद बागबाहरा अंतर्गत वार्ड क्रमांक-12 तेंदूलोथा में नगर पालिका अध्यक्ष हीरा सेतराम बघेल, वार्ड पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर, पूर्व पार्षद मदन देवांगन, पूर्व पार्षद श्यामा चंद्राकर, पूर्व पार्षद राधा चंद्राकर,पूर्व पार्षद सेतराम बघेल, रमेश चंद्राकर, टेमालाल चंद्राकर, मोहर पाठक, सेवकराम चंद्राकर (पूर्व शिक्षक), महेश निर्मलकर, जगदीश चंद्राकर, सतीश चंद्राकर, दुलारी चंद्राकर, जयंत पाठक, अगनू यादव, कन्हैय्या चंद्राकर, श्यामलाल चंद्राकर, लक्ष्मण चंद्राकर, उमेश वर्मा, दिलीप चक्रधारी के आतिथ्य में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया, जहां वार्डवासी उमेश वर्मा, ललिया यादव, एतन बाई, नंदिनी सेन, रुखमणि चंद्राकर, नीरा बाई मानिकपुरी, सोहन मधुकर, लीलाधर, नूरन, चितरंजन मधुकर, सूर्यकान्त, ऋषि चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, जगमोहन चंद्राकर, तेजन चंद्राकर, बिशनाथ यादव, विश्वनाथ चंद्राकर, रामनारायण चंद्राकर, संतराम यादव, बिट्टू साहू सहित सैकड़ों वार्डवासी उपस्थित रहे। साथ ही पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर ने बताया कि वार्ड -12 तेंदूलोथा जो कि माँ चंडी दरबार जाने का मुख्य मार्ग है और इस वार्ड मे ऐसे विकास कार्य अत्यंत आवश्यक थे।



### खरोरा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस मनाया गया। जिसमें मितानिन कौशल्या चन्द्राकर, मितानिन लता चन्द्राकर, भारती चन्द्राकर, शकुन चन्द्राकर, लक्ष्मी चन्द्राकर, पाचोबाई चन्द्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर आदि मौजूद रहे।

### भाजपा बागबाहरा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष बने रुपेश

**तेंदूकोना।** संगठन पर्व के अंतर्गत खल्लारी विधानसभा के बागबाहरा ग्रामीण मंडल की बैठक सुअरमाल में 17 फरवरी 2024 को मंडल निर्वाचन अधिकारी छत्तरसिंग नायक, मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष स्वर्णजीत सलूजा, मंडल कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सहनिर्वाचन अधिकारी कमलेश कुमार टाण्डेय, मंडल महामंत्री दिनेश चंद्राकर, मयाराम साहू मंडल के समस्त पदाधिकारी भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुआ। मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए तीन नामों का आवेदन जिला चयन समिति को भेजा गया। बंद लिफाफे को समस्त कार्यकर्ताओं के बीच फाड़ा गया। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में रुपेश साहू के रूप में घोषणा की गई।

# भाजपा मंडल बागबाहरा ब्लॉक के चारों मण्डल का हुआ निर्वाचन

## बागबाहरा शहर से डिंपल, ग्रामीण रूपेश साहू, कोमाखान नितीन व खल्लारी से लोकेश बने मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

भाजपा मंडल बागबाहरा ब्लाक के चारों मण्डल का निर्वाचन मंगलवार को हुआ। जिसमें बागबाहरा शहर से डिंपल ध्रुव, ग्रामीण से रूपेश साहू, कोमाखान से नितीन जैन व खल्लारी से लोकेश पनुरिया को भाजपा मंडल अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान वर्तमान मंडल अध्यक्ष विदाई दी गई। इस दौरान निवर्तमान मंडल प्रेम साहू ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए आभार प्रकट किया तथा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव, रूपेश साहू, नितिन जैन, लोकेश पनुरिया ने सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मंडल अध्यक्ष का पद पार्टी के अंदर एक व्यवस्था है और हम सभी इस व्यवस्था में सहभागी बनेंगे। हम सब का एक ही उद्देश्य है कि आगामी समय में भी मंडल को और अधिक मजबूत किया जाएगा और आप सभी के सहयोग से भंवरपुर अंचल में भारतीय जनता पार्टी को और मजबूत बनाया जाएगा। जिससे आगामी समय में भाजपा प्रत्याशी को खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से प्रचंड लीड मिल सके।





इस दौरान सांसद रूप कुमारी चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, अलका चंद्राकर, जिला सह निर्वाचन अधिकारी ऐतराम साहू, स्मिता हितेश जनपद अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष मोनिका साहू, जिला कोषाध्यक्ष थान सिंह दीवान, प्रेम शंकर पटेल प्रेम साहू, पीलेश्वर पटेल, संतोषी देवांगन, पार्षद कलेश देवांगन, शंकर ताण्डी, कमलेश टांडे, रामखीलावन साहू, हरीश दीवान, धनंजय साहू, राजेश ठाकुर, हेमंत सिंह, मोहित साहू, डीगन सिन्हा, घनश्याम साहू, चिंतासिन्हा, मायाराम साहू, दिनेश चंद्राकर, बिहारी सिन्हा बलराम पटेल, संजय मालवे बाला चंद्राकर, नंदू सोनी, नरेंद्र बग्गा, सुरेश अग्रवाल, चिंता साहू, मुकेश चंद्राकर, गुलशन बघेल, पितांबर साहू, सिकंदर सोनवानी आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बागबाहरा में आयोजित अखिल भारतीय महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। वही विशेष अतिथि की आसंदी परशहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, फिरोज मेमन, लखबीर छाबड़ा, रवि निषाद, बसंती योगेश बघेल, गिरीश पटेल, रामकुमार ठाकुर (पार्षद), आशाराम बांधे (पार्षद), खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल (पार्षद), मंता यादव (पार्षद), हेमिन ठाकुर (पार्षद), शैलेश साहू (पूर्व पार्षद), हेमसिंग नायक (जनपद सदस्य), गणेश शर्मा, अमजद मेमन, कुमार ढीढी, राजकुमार जैन, शैलेष पुरोहित, राजकुमार महानंद, बलबीर बग्गा, विश्वनाथ साहू, मेघनाथ यादव, संजय अग्रवाल (संजू), मिथून अमीर विराजमान रहे।




अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता के समापन समारोह की शुरुआत ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात अतिथि स्वागत का दौर प्रारंभ हुआ। जिसमें आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं बागबाहरा नगर के नागरिकों ने विधायक यादव सहित उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।

तत्पश्चात समापन समारोह प्रारंभ हुआ। जिसमें विजेता टीमों को विधायक यादव सहित उपस्थित अतिथियों के कर कमलों से पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संतोष अग्रवाल, मनोज (पप्पु) अग्रवाल, अतुल बग्गा, अशोक अग्रवाल, किशोर गुप्ता, पोखराज साहू, मोहम्मद रफीक मेगन, रोशन सोनी (पप्पी), राधेश्याम बाघ (जनपद सदस्य) नुआपाड़ा, प्रतीक जैन, संतोष चौहान, रवि चंद्राकर (पूर्व पार्षद), पारस सांखला, बालकृष्ण चंद्राकर, विवेकानंद ठाकुर जय चंदेल नीरज सोनी, विनोद प्रकाश मानिकपुरी, मेघराज साहू अशोक दीप, भावेश पुरोहित, गगन बघेल, पंकज शर्मा व्याय यादव, दीपक यादव, जयकिशन लुकेश पटेल, पारस सांखला, घुमेश शुक्ला, रामलाल पटेल, मुकेश जैन, अमन श्रीवास्तव, नीरज वर्मा, अभिषेक साहू, संतोष चंद्राकर, जितु खरे सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय में बैगलैस डे की धूम



**महासमुंद।** पीएमश्री केवि में प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन में कक्षा छटवी से आठवी तक के विद्यार्थियों के लिए 5 दिवसीय बैगलेस डे के द्वितीय चरण की शुरुआत की गई। इस चरण के दूसरे दिन रवीना द्वारा राजस्थान की कला बंधेज का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बच्चों ने टाई एण्ड डाई गतिविधि के माध्यम से रुमाल, चादर, टेबल क्लाथ आदि पर विभिन्न रंगों के साथ कलाकृति बनाने का आनन्द लिया तथा तीसरे दिन बच्चों को क्ले, रंग तथा अन्य सजावटी सामान के साथ लिप्पन कला सिखाई गई। बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ नई नई कला सीखी। प्राचार्य संजय कंसल ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में टीआर चन्द्राकर, वंदिनी जौहरी, सोहन लाल साहू, मनीषा, दशरथ यादव, विवेक शर्मा का सहयोग रहा।

# सोनदादर में मनाया राधा कृष्ण मेला महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

ग्राम पंचायत छुईहा के आश्रित ग्राम सोंनदादर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी राधा कृष्ण मेला महोत्सव बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह राधा कृष्णा की शोभायात्रा निकाली गई। तत्पश्चात राधा कृष्णा की मूर्ति स्थापना की गई। बाद बच्चों द्वारा सुवा नृत्य व राउत नाचा की प्रस्तुति दी गई। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी जेवरा का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी के छोटे अनुज मुकेश यादव जनपद उपाध्यक्ष पिथौरा रहे। मुख्य अतिथि यादव ने अपने उद्बोधन में गांव में एकता का परिचय देते हुए गांव में सभी एक साथ संगठित रहकर गांव के सांस्कृतिक को बचाकर रखने और सभी एक दूसरे सुख दुख में समिलित होकर छोटे छोटे बच्चे को



शिक्षा के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों की मांग पर रंग मंच की घोषणा भी की। मंच का संचालन प्रीतम यादव जिला अध्यक्ष यादव समाज व पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत छुईहा, हेमसिंग नायक जनपद सदस्य बागबाहरा, किशन दिवान गौटिया ग्राम सोंददार, एस राम दीवान पंचायत सचिव, भोला राम दीवान पंचायत सचिव, कार्यक्रम के संयोजक देवनारायण दीवान, एस राम साहू ग्राम समिति अध्यक्ष, संतोष दीवान पंच, नदकुमार दीवान पंच, सुकलाल दीवान पंच, अशोक दीवान गुरुजी, पवन ध्रुव गुरुजी, माखन दीवान, दिलशाद अली, आनद जगत, कन्हैया ध्रुव, कृपा राम ध्रुव, हीरा राम दीवान, छबि राम दीवान, गंगा राम दीवान, करण सिंग ध्रुव आदि मौजूद रहे।

